# महापौर ने मास्टर प्लान की निर्माणाधीन सड़कों का किया दौरा

▸ एमआर-04 एवं 12 सड़क निर्माण कार्य की प्रगति देखी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए महापौर ने शहर में निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़कों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता, कार्य प्रगति और समय सीमा की जानकारी ली. साथ ही अधिकारियों और ठेकेदार एजेंसी को तकनीकी रूप से निर्माण कार्य में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने आज निर्माणाधीन एमआर-04 रोड एवं एमआर-12 सड़क निर्माण कार्यों का मौका निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव ने अहिल्या आश्रम स्कूल से भागीरथपुरा होते हुए आईएसबीटी एमआर-10 तक निर्माणाधीन एमआर-04 सड़क का जायजा लिया. महापौर ने निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा किया जाए. महापौर इसके बाद एमआर-10 से निर्माणाधीन एमआर-12 सड़क का मौका निरीक्षण करने पहुंचे. महापौर ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही नहीं बरतें और निर्धारित मानकों के साथ काम पूरा करें.

### यातायात की सुविधाओं का लाभ मिलेगा

महापौर भार्गव ने कहा कि उक्त सड़कों के पूरा होने से न केवल सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि शहरवासियों को भी बेहतर यातायात की सुविधाओं का लाभ मिलेगा. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री पी.एस. कुशवाह, नरेश जायसवाल सहित जनकार्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थ.

# लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को मिली नई पहचान, तैयार हुई आधुनिक बिल्डिंग




नवभारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के बीच लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण भी तेजी से आगे बढ़ रहा है. स्टेशन की नई प्रशासनिक इमारत पूरी तरह तैयार हो चुकी है और इसमें आवश्यक व्यवस्थाएं स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है.**

रेलवे अधिकारियों के अनुसार जल्द ही पुरानी इमारत से प्रशासनिक और परिचालन संबंधी सभी गतिविधियों को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया जाएगा. इसके बाद रेलवे का पूरा कार्य नई इमारत से संचालित किया जाएगा.

शिफ्टिंग प्रक्रिया के दौरान तकनीकी कार्यों में उपयोग होने वाले उपकरणों, संचार प्रणालियों और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित करना सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है. रेलवे का अनुमान है कि यह कार्य लगभग 10 से 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा. नई इमारत से संचालन शुरू होने के बाद पुरानी स्टेशन बिल्डिंग को डिस्मेंटल करने का काम शुरू किया जाएगा. पुरानी इमारत हटने के बाद उसके स्थान पर दो नए प्लेटफार्म विकसित किए जाएंगे. प्लेटफॉर्मों के निर्माण के बाद लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर कुल पांच प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो जाएंगे.

# शहर में जल संकट को लेकर जनहित याचिका दायर

## हाईकोर्ट ने नगर निगम को तत्काल मानसून पहले कार्रवाई के दिए निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में जल संकट को लेकर राजलक्ष्मी फाउंडेशन जबलपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है. याचिका में गिरते जल स्तर, तालाबों पर अतिक्रमण, कुएं एवं बावड़ियों के सूखने और पारंपरिक पानी की चैनल एवं मोहरियों को रोकने और वर्षा जल संचयन में विफलता को आधार बनाया गया है. इसको लेकर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने नगर निगम को मानसून के पहले तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए.

राजलक्ष्मी फाउंडेशन ने जबलपुर हाईकोर्ट में छुट्टियों वाली जस्टिस प्रणय वर्मा और जय कुमार पिल्लई की डबल बेंच में इंदौर जल संकट को लेकर जनहित याचिका दायर की है. याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बगाड़िया एवं अधिवक्ता आयुष चौधरी ने उच्च न्यायालय में इंदौर में लगातार गिरते भूजल स्तर, झीलों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों के सूखने, पारंपरिक फीडर चैनलों और मोहरियों के अवरुद्ध होने, वर्षा जल संचयन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में विफलता, खुले क्षेत्रों के अत्यधिक कंक्रीटीकरण, जलाशयों में सीवेज प्रदूषण, पाइपलाइन लीकेज/ नॉन-रेवेन्यू वाटर, परित्यक्त बोरवेल, ट्रीटेड वेस्टवॉटर के पुनः उपयोग, ग्रामीण एवं पेरी-अर्बन वाटरशेड पुनर्स्थापन, तथा असराबद खुर्द, मिर्जापुर, रालामंडल, लिम्बोदी, बिलावली, छोटी बिलावली, पिपल्यापाला और अन्य तालाबों की पारंपरिक जल-श्रृंखला के वैज्ञानिक पुनर्जीवन जैसे मुद्दे उठाए.

### अवरोधों को हटाने की कार्रवाई करें

हाईकोर्ट ने इंदौर नगर निगम को निर्देश दिए है कि मानसून के पहले सभी सरकारी भवनों, अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, अपार्टमेंट्स, मॉल्स, वाणिज्यिक परिसरों, होटलों, संस्थानों और अन्य लागू भवनों को सात दिनों के भीतर रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई, डी-सिल्टिंग और उन्हें क्रियाशील करने की तुरंत सार्वजनिक सूचना जारी करें. साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिए है कि प्रथम भारी मानसूनी वर्षा से पहले तालाबों से जुड़े स्टॉर्मवॉटर ड्रेन्स, फीडर चैनलों, मोहरियों, झीलों के इनलेट्स, ओवरफ्लो आउटलेट्स और रिचार्ज चैनलों की आपातकालीन सफाई, डी-सिल्टिंग और अवरोधों को हटाने की कार्रवाई भी करें, ताकि वर्षा जल व्यर्थ बहने के बजाय भूजल रिचार्ज और जलाशयों के पुनर्भरण में उपयोग हो सके. प्रकरण की अगली सुनवाई 8 जून को नियत की गई है.

# कलेक्टर ने तालाबों के गहरीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

*जल गंगा संवर्धन अभियान*



नव भारत न्यूज

**इंदौर. कलेक्टर ने बुधवार को शहर में जल संरक्षण को लेकर तालाबों के गहरीकरण कार्यों का मौका निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने भौंरासला, लिंबोदी गारी और सिंहासा के कार्यों का जायजा लिया. साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश पहले सभी काम खत्म कर ले और काम की गुणवत्ता को लेकर सजग रहें.**

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन काम देखने कलेक्टर शिवम वर्मा ने विभिन्न स्थलों मौका मुआयना कर निरीक्षण किया. कलेक्टर वर्मा ने भौरांसला, सिंहासा एवं लिम्बोदागारी तालाबों में किए जा रहे गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया. कलेक्टर ने मातहत अधिकारियों से कहा कि तालाबों के गहरीकरण एवं विकास कार्यों के दौरान जलाशयों को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे. उन्होंने सभी तालाबों का सीमांकन कराने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में अतिक्रमण की संभावनाओं को रोका जा सके.

### प्राकृतिक मार्ग अवरोधमुक्त रहें

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तालाबों में पानी की आवक के सभी प्राकृतिक मार्ग और चैनल पूरी तरह साफ एवं अवरोधमुक्त रहें. साथ ही जल स्त्रोतों तक पहुंचने वाले मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नही होने दिया जाए.

**एक नजर में**

## नित्या को मिला राष्ट्रीय कथक सम्मान



इंदौर. श्री सत्य साईं विद्या विहार, इंदौर की छात्रा एवं नादयोग गुरुकुल की कथक शिष्या नित्या सोहनी ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर इंदौर का नाम रोशन किया है. उन्हें बेंगलुरु के बाल भवन में आयोजित हेरिटेज फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर के प्रतिष्ठित 'कलाकृति कॉन्क्लेव 2026' में सम्मानित किया गया. भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और युवा प्रतिभाओं को समर्पित कलाकृति कॉन्क्लेव 2026 के चौथे संस्करण में देशभर के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों ने भाग लिया. इस आयोजन में वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। नित्या को उनके पूरे वर्ष के उत्कृष्ट कथक प्रदर्शनों के आधार पर सब-जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्रदान किया गया. देशभर से 1,500 से अधिक प्रतिभागियों में से चयनित शीर्ष 28 युवा कलाकारों को मंच पर प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया था. पुरस्कार हेरिटेज फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर की अध्यक्ष सुश्री चंद्रिका बी. एवं डॉ. किंगशुक घोष द्वारा प्रदान किए गए.

## हेड़ा अध्यक्ष, माहेश्वरी सचिव निर्वाचित



इंदौर. श्री माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के सत्र 2026-29 के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ. चंद्रप्रकाश हेड़ा एवं सचिव पद पर सीए. डॉ. ओमप्रकाश माहेश्वरी प्रचंड बहुमत से विजयी होकर निर्वाचित घोषित किए गए. अन्य पदाधिकारियों में राजीव बिन्नानी एवं अशोक सोनी उपाध्यक्ष, प्रवीण लाठी संयुक्त मंत्री, गुंजन सोमानी कोषाध्यक्ष, महेश कुमार लढ़ा संगठन मंत्री तथा प्रकाश माहेश्वरी प्रचार मंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किए गए. पूर्व में निरस्त होकर पुन: संपन्न हुए इस चुनाव में क्षेत्र के मतदाताओं ने व्यवस्थाओं में परिवर्तन तथा युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई. कार्यकारी मण्डल के चुनाव में श्री बालाजी पैनल ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए महेश पैनल पर एकतरफा बढ़त बनाई. 71 सदस्यीय कार्यकारी मण्डल में श्री बालाजी पैनल के 54 सदस्य विजयी होकर निर्वाचित हुए. मुख्य चुनाव अधिकारी श्री संतोष मुछाल द्वारा चुनाव परिणामों की औपचारिक घोषणा की गई. क्षेत्रीय कार्यसमिति हेतु 23 सदस्य तथा जिला कार्यसमिति हेतु 20 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए. उपयुक्त जानकारी पूर्वी श्रेत्र के वरिष्ठ सदस्य दिनेश रणधर द्वारा दी गई.

## फ्लिपकार्ट पर जीआरडब्लूएम फैशन सेल शुरू हुई

इंदौर. फ्लिपकार्ट ने अपनी लेटेस्ट फैशन सेल 'जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम' पेश की है, जो भारत के डिजिटल-फर्स्ट ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी. दिलचस्प भारतीय ट्रेंड गरम गरम के साथ जेन ज़ी के विश्वप्रसिद्ध ट्रेंड जीआरडब्लूएम (गेट रेडी विद मी) से प्रेरित यह कैम्पेन फ्लिपकार्ट फैशन की फ्लैगशिप एंड-ऑफ-सीज़न सेल को एक नई, ट्रेंड-फर्स्ट पहचान दे रहा है. यह कैम्पेन पांरपरिक क्लीयरेंस सेल से अलग है. इसमें जो नया है, जो ट्रेंड कर रहा है और जो सांस्कृतिक रूप से जुड़ा है, वह पेश किया जा रहा है. कैम्पेन के बारे में कपिल थीरानी, वाईस प्रेसिडेंट, फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा आज फैशन डिस्कवरी खासकर जेन ज़ी ग्राहकों के बीच क्रिएटर्स, कम्युनिटीज़ और डिजिटल संस्कृति से प्रभावित होती जा रही है. जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम के साथ हम पारंपरिक एंड-ऑफ-सीज़न सेल को नए रूप में पेश कर रहे हैं ताकि युवा भारत आज के फैशन को खोजकर उससे जुड़ सके. इसमें ज्यादा नया, ट्रेंड-फर्स्ट और सांस्कृतिक जुड़ाव रखने वाला शॉपिंग अनुभव प्राप्त होगा. इस सेल में व्यक्तिगत सुझावों से लेकर सुंदर कलेक्शन तथा मशहूर एवं किफायती ब्रांड भारत के ग्राहकों के लिए लेटेस्ट स्टाईल लेकर आए हैं.

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल में गूंजेंगे सुरों के रंग

इंदौर. शहर के लोकप्रिय शॉपिंग एवं मनोरंजन केंद्र नेक्सस इंदौर सेंट्रल में संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संध्या का आयोजन होने जा रहा है। 4 जून को शाम 6 बजे से आयोजित होने वाला विशेष जैमिंग सेशन युवाओं और संगीत प्रेमियों को सुरों, उत्साह और मनोरंजन से भरपूर अनुभव प्रदान करेगा. इस खास आयोजन के दौरान प्रतिभाशाली कलाकारों और बैंड्स की लाइव प्रस्तुतियां पूरे मॉल परिसर को जोश, ऊर्जा और संगीत की मधुर धुनों से सराबोर कर देंगी. कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पहलू होगा इंटरैक्टिव ओपन जैमिंग सेशन, जहां संगीत प्रेमी स्वयं मंच पर आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे और अन्य कलाकारों के साथ सहज संगीतात्मक संगम का हिस्सा बनेंगे. शहर के युवाओं और वीकेंड पर मनोरंजन की तलाश में आने वाले आगंतुकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह पहल ग्राहकों के साथ जुड़ाव को और मजबूत बनाने के साथ-साथ मॉल में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएग.। संगीत, मनोरंजन और सहभागिता का अनूठा संगम प्रस्तुत करने वाला यह आयोजन आगंतुकों को एक जीवंत और यादगार अनुभव प्रदान करेगा.

# बिजली विभाग की मीटर शाखा की कार्यप्रणाली पर सवाल

▸ एमडी ने अधिकारियों को लगाई फटकार
▸ उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ाने के दिए निर्देश




नवभारत न्यूज़

**इंदौर. बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों और बिलिंग संबंधी समस्याओं के बीच मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने मीटर टेस्टिंग एवं मीटरीकरण शाखा के अधिकारियों को कार्यप्रणाली में गंभीर सुधार करने के निर्देश दिए.**

बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि मीटर रीडिंग गंभीरता से की जाए और एकत्रित डाटा का उपयोग कंपनी तथा उपभोक्ताओं के हित में हो, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में सुधार लाया जा सके. बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि बिलिंग समय पर और त्रुटिरहित हो. एमडी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट मीटर और पारंपरिक मीटर शाखाओं के कार्यों में देरी और त्रुटियों पर नियंत्रण किया जाए. उन्होंने संकेत दिए कि उपभोक्ताओं के बीच कंपनी की छवि को बेहतर बनाने के लिए अभी काफी प्रयासों की आवश्यकता है. समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता अचल जैन, सुषमा गंगराडे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील पाटौदी, सुधीर आचार्य, मुख्य वित्त अधिकारी अजय पाल सिंह अवास्या, नरेंद्र दुबे और नवीन गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित

**इंदौर.** नवलखा स्थित बंगाली क्लब में बनने जा रहे श्री हनुमान मन्दिर के पहले सामूहिक संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. साथ ही भजन संध्या भी हुई.

बंगाली स्कूल एंड क्लब के अध्यक्ष जयंत नाथ चौधुरी एवं सचिव रवि नंदी ने बताया कि क्लब परिसर में रामदूत श्री हनुमानजी का भव्य मन्दिर बनने जा रहा है. इस उपलक्ष्य में माता कालिका सत्संग सुंदरकांड मंडल, रतलाम के सदस्यों ने हनुमानजी के भजनों के साथ श्रीराम और लड्डू गोपाल के प्रिय भजनों की सुंदर संगीतमय प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में कीर्तन की है रात... म्हारा बाल गोविंदाजी, हर हर महादेव शंभु, काशी विश्वनाथ गंगे जैसे भजनों की गंगा लगातार बहती रही. प्रारंभ में सुंदरकांड और श्रीराम के चित्र का पूजन रवि शंकर राय चौधरी, असित गांगुली, अशोक मुकर्जी ने किया.



# भाजपा संगठन की कोर कमेटी में फेरबदल की संभावना

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** देश के कुछ राज्यों में भाजपा संगठन की कोर कमेटी के पधाधिकारी बदलने की संभावना है. माना जा रहा है कि अगले हफ्ते दस दिन में भाजपा हाईकमान बड़े पैमाने पर बदलाव करेगा.

ऐसी चर्चा है कि भाजपा संगठन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. यही स्थिति आरएसएस में भी है. इसको लेकर भाजपा हाईकमान और आरएसएस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर फेरबदल करने की सूचना है. फेरबदल के तहत कुछ राज्यों के सत्ता और संगठन में समन्वय करने वाले कोर कमेटी के सदस्य को बदला जा सकता है. यह भी बताया जा रहा है कि भाजपा की राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी सत्ता और संगठन के खिलाफ असंतोष उत्पन्न हो रहा है. विपक्ष सरकारों पर लगातार हमले कर रहा है. इसी के चलते सत्ता भाजपा सरकार और संगठन के बीच सेतु का कार्य करने वाले आरएसएस के कोर कमेटी में फेरबदल किए जाने की संभावना बताई जा रही है. मतलब यह कि कोर कमेटी में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी और वर्तमान पदाधिकारियों को हटाकर अन्यत्र जिम्मेदारी सौंपी जाएगी.

# बच्चों को बताए नशे की लत के दुष्परिणाम

*तंग बस्तियों के बच्चों के लिए व्यक्तित्व विकास शिविर*




इंदौर. समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा मालवीय नगर स्थित शासकीय विद्यालय में 5 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में तंग बस्तियों के 148 बच्चे भाग ले रहे हैं. संस्था का यह 139वाँ बाल शिविर है, जिसमें बच्चों को विभिन्न कलाओं एवं व्यक्तित्व विकास के पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें बच्चे उत्साह एवं तन्मयता से भाग ले रहे हैं.

शिविर में दूसरे दिन मधुबनी पेंटिंग की एक्सपर्ट .आर्टिस्ट सुश्री स्वाति द्रविड़ .ने बच्चों को बहुत ही सुंदर और सरल तरीके से मधुबनी शैली में फूलों और पक्षियों की चित्रकला की बारीकियाँ सिखाई. व्यक्तित्व विकास विशेषज्ञ विजय रांगणेकर ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से सचेत करते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली एवं अनुशासित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी. साथ ही बच्चों को मोबाइल एवं इन्टरनेट के लाभ और हानि के बारे में विस्तार से बताया. जहां एक ओर मोबाइल का सही इस्तेमाल सफलता के द्वार खोलता है वहीं मोबाइल की लत पतन का कारण भी बनतीं है अत: इसका सीमित एवं विवेकपूर्ण इस्तेमाल ही करें. अर्चना डाबी एवं प्रणिता दीक्षित ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया. प्रवीण जोशी ने बताया कि समाज सेवा प्रकोष्ठ के इस बाल शिविर में रोजाना विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं. अतिथि स्वागत पुष्पा महाडिक एवं अशोक कापड़नीस ने किया. संचालन सुबोध भौरासकर ने किया.

**एक नजर में** ▸ हरित परिवहन की ओर कदम, महिला मैकेनिकों की 'यंत्रिका ई-साइकिल' तैयार

# महिलाओं का नवाचार, एक चार्ज में 25 किमी चलेगी ई-साइकिल




नवभारत न्यूज

**इंदौर.** विश्व साइकिल दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंदौर की महिला मैकेनिक एक नई उपलब्धि के साथ सामने आ रही हैं. समान सोसायटी द्वारा प्रशिक्षित महिला मैकेनिकों के प्रयासों से तैयार की गई 'यंत्रिका ई-साइकिल' का लोकार्पण 4 जून को दोपहर 1.30 बजे आरएनटी मार्ग स्थित हिन्दी साहित्य समिति भवन में किया जाएगा.

महिला मैकेनिक गैराज यंत्रिका सर्विस सेंटर के नाम पर रखी गई इस ई-साइकिल को पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सुलभ परिवहन को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है. एक बार चार्ज होने पर यह साइकिल लगभग 25 किलोमीटर तक चल सकती है, जबकि इसकी अधिकतम गति 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा है. कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित महिला मैकेनिकों ने इस ई-साइकिल का निर्माण किया है. इसका उद्देश्य आम नागरिकों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को कम लागत में आवागमन का सुविधाजनक और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प उपलब्ध कराना है. गौरतलब है कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस और 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है. इन दोनों महत्वपूर्ण अवसरों के बीच आयोजित यह लोकार्पण कार्यक्रम सतत विकास और हरित परिवहन के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देगा.

### न्यूनतम लागत रखने का प्रयास

संस्था के अनुसार ई-साइकिल की कीमत जल्द घोषित की जाएगी. प्रयास किया जा रहा है कि इसकी लागत न्यूनतम रखी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें. पेट्रोल पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण हितैषी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.



# सूखे नारियल से तैयार किए छोटे गमले

*वेस्ट से बेस्ट आर्ट वर्कशॉप का आयोजन*

**इंदौर. विश्व पर्यावरण दिवस के खास मौके पर क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा द इमेजिनेशन स्टेशन में आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और कबाड़ को कला में बदलना सिखाना था.**

वर्कशॉप के दौरान पर्यावरण को सहेजने का एक अनोखा और खूबसूरत संदेश दिया गया. यहां सामान्य रूप से फेंके जाने वाले नारियल पानी के कचरे (जला हुआ/इस्तेमाल किया हुआ नारियल) को बेहद रंग-बिरंगे और आकर्षक तरीके से सजाकर खूबसूरत पौधों के गमले तैयार किए गए. वर्कशॉप आर्टिस्ट पूजा पाटीदार ने बेहद सरल तरीके से सभी को सिखाया कि कैसे हमारे घरों से निकलने वाले कचरे या बेकार सामान का इस्तेमाल करके वेस्ट से बेस्ट यानी सुंदर और उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं.